<u>रक्षाबंधन एवं मदर टेरेसा के जन्मदिवस का आयोजन</u>

आज दिनांक 27 अगस्त 2018 को हमारे सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में रक्षाबंधन एवं मदर टेरेसा का जन्मदिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रार्थना सभा के अवसर पर कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने भाई –बहन के पवित्र रिश्ते से संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई तथा भाई ने सदैव अपनी बहन की रक्षा का वचन दिया ।

महान संत दीन दुखियों की सेवक, असहायों की मदद करने वाली मदर टेरेसा के जीवन की कुछ झलकियाँ लघु नाटिका के माध्यम से दर्षायी गयीं । बच्चों ने उनके त्याग एवं समर्पण के भावों को बड़े ही प्रभावपूर्ण ढंग से व्यक्त किया। इस अवसर पर ये पंक्तियाँ हमारे मानस पटल पर सहज ही अंकित हो उठती हैः–

करो दीन की मदद हमेशा,

तन–मन धन से खुश होकर ।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिकाओं ने इस अवसर पर उपस्थित समस्त जनों के हृदय पर संत मदर टेरेसा एवं रक्षाबंधन के संदेष का प्रभाव अंकित किया।

प्रार्थना सभा में विद्यालय के उप प्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज , कोर्डिनेटर सिस्टर एनलिट , सिस्टर निकिता ,श्री मति ज्योति नायर एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।